प्रेस नोट दिनांक 23.05.2026

थाना कोतवाली जनपद बरेली

थाना कोतवाली #bareillypolice द्वारा वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर 02 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, 08 चोरी के वाहन, अवैध तमंचा एवं चाकू बरामद।

थाना कोतवाली, बरेली पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए 02 शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी की 07 मोटरसाइकिल एवं 01 एक्टिवा स्कूटी सहित कुल 08 वाहन बरामद किए गए। साथ ही अभियुक्तों के पास से अवैध तमंचा/चाकू भी बरामद किया गया। पुलिस द्वारा वाहन चोरी से संबंधित अभियोग का सफल अनावरण किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद बरेली में वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अनावरण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में चलाया जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे एवं निशानदेही पर चोरी के कुल 08 वाहन बरामद किए गए। अभियुक्तों द्वारा चोरी के वाहनों की नम्बर प्लेट बदलकर उन्हें कम कीमत पर बेचने का कार्य किया जाता था।

सूचना एवं कार्यवाहीः-

दिनांक 22.05.2026 की रात्रि में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मालगोदाम रोड चौपला के पास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोरी करने वाले दो व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल पर आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु मोटरसाइकिल चालक द्वारा भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने सतर्कता एवं आवश्यक बल प्रयोग करते हुए दोनों अभियुक्तों को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ एवं तलाशी के दौरान अभियुक्त अवनेश कुमार मोर्या के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर एवं एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ, जबकि अभियुक्त उदित नारायण शुक्ला के कब्जे से एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर बरेली जंक्शन के आगे खंडहरों के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 06 अन्य चोरी की मोटरसाइकिल एवं 01 स्कूटी बरामद की गई। प्रकरण में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

बरामदगी का विवरणः-

07 चोरी की मोटरसाइकिल

01 एक्टिवा स्कूटी

01 अवैध तमंचा .315 बोर

01 जिन्दा कारतूस .315 बोर

01 नाजायज चाकू

बरामद वाहनों का विवरण :

पैशन प्लस मोटरसाइकिल संख्या UP25Z2775

एक्टिवा स्कूटी (बिना नम्बर प्लेट) चेचिस नं0 ME4JF913BMG361296

स्प्लेंडर प्रो संख्या UP25AR7283

स्प्लेंडर प्रो संख्या UP25AK8964

एफजेड-16 संख्या UP25AD6867

बजाज डिस्कवर-135 संख्या UP25AE7204

स्प्लेंडर प्रो संख्या UP15BK7954

टीवीएस स्टार सिटी संख्या PB11AH1351

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का विवरणः-

1. मु0अ0सं0 248/26 धारा 318(4)/317(2)/317(4)/317(5) BNS, 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली, बरेली
2. मु0अ0सं0 231/26 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली बरेली (सफल अनावरण)

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

1. उदित नारायण शुक्ला पुत्र रामनरेश नि0 ग्राम लखीमपुर विष्णु द्वितीय थाना मिलक जिला रामपुर उम्र 30 वर्ष
2. अवनेश कुमार मोर्या पुत्र बृजविहारी लाल नि0 ग्राम सरारी थाना भमोरा जिला बरेली उम्र 31 वर्ष

अभियुक्त उदित नारायण का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 248/26 धारा 318(4)/317(2)/317(4)/317(5) BNS, 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली, बरेली
मु0अ0सं0 197/22 धारा 411/413/414/420/467/468/471 भादवि थाना भमोरा जनपद बरेली
मु0अ0सं0 488/24 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/317(5) थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली
मु0अ0सं0 432/2024 धारा 303(2)/317(2) भादवि थाना कैन्ट जनपद बरेली
मु0अ0सं0 49/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना कोतवाली जनपद बरेली
मु0अ0सं0 231/26 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बरेली

अभियुक्त अवनेश का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 248/26 धारा 318(4)/317(2)/317(4)/317(5) BNS, 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली, बरेली
मु0अ0सं0 376/20 धारा 323/352/498ए/504 भादवि थाना भोजीपुरा जनपद बरेली
मु0अ0सं0 50/21 धारा 15,8 एनडीपीएस एक्ट थाना भमेरा जनपद बरेली
मु0अ0सं0 337/22 धारा 380/411 भादवि थाना भमेरा जनपद बरेली
मु0अ0सं0 32/25 धारा 4/25 शस्त्र अधिनियम थाना भमेरा जनपद बरेली
मु0अ0सं0 231/26 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बरेली

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी कर उनकी नम्बर प्लेट बदल देते थे तथा उन्हें कम कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करते थे। बरामद मोटरसाइकिलों को बेचने के उद्देश्य से लाया गया था, किन्तु बिक्री न होने के कारण वे उन्हें कबाड़ियों को औने-पौने दामों में बेचने की फिराक में थे। अभियुक्त अपनी सुरक्षा हेतु अवैध तमंचा एवं चाकू साथ रखते थे।

पुलिस टीम का विवरण

उ0नि0 अनूप सिंह थाना कोतवाली जनपद बरेली
उ0नि0 वैभव गुप्ता थाना कोतवाली जनपद बरेली
उ0नि0 विक्रान्त तोमर थाना कोतवाली जनपद बरेली
उ0नि0 राजीव कुमार शर्मा थाना कोतवाली जनपद बरेली
हे0कां0 तस्वीरुल हसन थाना कोतवाली जनपद बरेली
हे0कां0 सोमदत्त शर्मा थाना कोतवाली जनपद बरेली
हे0कां0 भागेश थाना कोतवाली जनपद बरेली
कां0 हरिवंश दिवाकर थाना कोतवाली जनपद बरेली
कां0 मनोज कुमार थाना कोतवाली जनपद बरेली